

मान पद्य संग्रह

अथवा

व्यावहारिक आत्म-ज्ञान

तीसरा भाग

और

वाणी संग्रह

संग्रहकर्ता तथा प्रकाशक

रामगोपाल मोहता

बीकानेर

पहली बार
१००० प्रति

संवत् २००७

मूल्य
१।।) रुपया



मुद्रक:—
भारतीय मुद्रण मन्दिर
खजांची भवन,
बीकानेर

सूची पत्र



मान पद्य-संग्रह

तीसरे भाग की प्रस्तावना



"मान पद्य-संग्रह" का प्रथम भाग संवत १९६५ में प्रकाशित हुवा था और दूसरा भाग संवत १९६७ में प्रकाशित हुआ था। इसके पीछे जोधपुर निवासी सूरदास साधु मोहनरामजी कबीर पंथी ने राजरिषि भूतपूर्व जोधपुर नरेश महाराज श्री मानसिंहजी कथित जो भजन गा कर सुनाये उनका संग्रह इस तीसरे भाग में प्रकाशित किया जाता है। साथ ही कई अन्य महात्माओं की वाणियाँ भी इस पुस्तक के उत्तरार्ध में "वाणी समह" के नाम से प्रकाशित की जाती हैं और स्वय साधु मोहनरामजी की छाप के कुछ भजन सामयिक तर्जों के भी प्रकाशित किये जाते हैं।

आशा है इस विषय के प्रेमी लोग इन भजनों से लाभ उठावेंगे।

बीकानेर पौष बदी ८ सोमवार
संवत २००७ ता० १-१-१९५१  रामगोपाल मोहता



ज्ञान पद्य-संग्रह

अथवा

व्यावहारिक आत्म-ज्ञान

भाग तीसरा

॥ दोहा ॥

आनहिं इस जगत में, साधू बहुत चहाय।
पर जिनकी हमको चाहना, सो साधू कहुँ नांय॥
सब ही जग में मैं फिर्यो, साधू असंख्यों जोय।
ढूँढत ढूँढत एक मिलिया, साथ देव नि–

॥ भजन ॥

राग सारंग; तर्ज वाणी की । ताल दीपचन्धी ॥

साधो भाई म्हांने मिलियो न वैद्य सुघड़ रे । वैद मिल्या सो मिलिया स्वार्थिया, बेठा बांह पकड रे ॥टेर॥

स्वार्थी वैद्यों सू मिटेना बिमारी; ज्यांरो मन स्वारथ लियो हर रे।
स्वारथ हेत वातों करे बहुता, कोई कहे खुशक कोई तर रे ॥ १ ॥
वात न पित्त कफ नहीं मेरे; क्यों भूठो करो थे जिकर रे।
म्हारी बिमारी मेटसी वोई; काटे अपणो शिर रे॥ २ ॥
म्हारो वैद्य सहज नहीं बणनों; जीवत जावे मर रे ।
जीवत मरे सो मेटे बिमारी; ले आवे गिरधर रे ॥ ३ ॥
काली मिरच कुटक क्या पावे, क्या तू देवे हरड़ रे।
थांनो दवाई मिले नहीं थाने; चारों खूंट आवो फिर रे ॥ ४ ॥
नाथजी वैद्य मिल्या म्हांने पूरा, जिको राखी नहीं कसर रे।
ममता मिरच कर्म री कुटकी, घोट पिलाई रगड़ रे ॥ ५ ॥
पाँचू तत्व पित्तपापड़ो कीनो, मैं तो समता सूंठ लियो कर रे।
चित्तरो चिरायतो ऐसो डारयो; पीतांई स्वस्थ सुघड़ रे ॥ ६ ॥
ऐसो वैद्य मान जद पायो, फिर कुण भटके घर घर रे ।
और वैद्य सूं भली नहीं होई; पायो वैद्य सदर रे ॥ ७ ॥

॥ सवैया ॥

पन्थ अनन्तां ने जुल्म कियो सन्यास असल की जड़ यह खोई।
पन्थ ही पन्थ की पोल मचा कर आप डूबे सब जगत डुबोई।
दीन दयाल यदि कृष्ट देखियो तो इन मे फिर खोटी होई।
जूत पडे यम के शिर पै तो छुडावण हार मिले नहीं कोई।
मान कहे गुरु देव ही नाथ ने हाथ गहे समझा दियो मोई।
सहज सन्यास को जोय लियो जब ब्रह्म के बीच मे वृत्ति पोई ॥

॥ सवैया ॥

त्याग को त्याग कियो हमने फिर त्याग कहाँ पै रह्यो वह विचारो।
तीनों ही लोक को त्याग कियो पर त्याग्यो नहीं निज रूप हमारो।
त्यागत त्यागत भाग कियो जब त्याग और भाग को लक्ष उठायो।
लक्ष उठाय के देख लियो तो त्यागनहार तो आप कहायो।
देवहू नाथ कृपा करके असली निज त्याग सो मोय बतायो।
मान कहे अब त्याग और ग्रहण को भेद मिट्यो निज त्यागी कहायो॥

॥ सवैया ॥

असल सन्यास को धार लहे तब तीनों ही लोक करे जो गुलामी।
बेपरवाह रहे परवाह नहीं वह तीनों ही लोक को है जो स्वामी।
गृहस्थ छते ही सन्यासी बन्यो जिन पाय लियो उर में धन नामी।
मान कहे रंग है उनको जिन जान लियो उर अन्तर्यामी॥

॥ सवैया ॥

ब्रह्म वैराग्य धर्यो उरमें जब छाय रही दिल में एकताई।
चित को अपने किया चेला जब मिथ्या अहंकार को दीन बहाई।
वृत्ति नार को मूंड की चेली निर्भय रहे उस नगर के मांई।
भीख अखण्ड दिवी गुरु देव ने सो कबहूं नहीं खूटत खाई।
नाथ ने कीन कृपा हम पै तब असल सन्यास की जुगति बताई।
मान सन्यास सव्यो अस सुन्दर तो इत उत भटकूं अब नांई॥

॥ भजन ॥

राग सारंग; तर्ज बाणी की। ताल कैरवा॥

साधो रे भाई मैं तो वस्ती बसू न ऊजड़ रे। मेरी गति तो मैं ही जानूं; मत करना गड़बड़ रे॥ टेर॥
तुमरी कही एक ना मानूं; क्यों बकते बड़ बड़ रे। पोला पन्थ को अन्त कर दीनो; मेट दीवी अड़बड़ रे॥१॥ बाचो पोथा थोथा यूं ही; बोझ लादे

ज्यू म्हर रे। मैं तो पोथी प्रेम री बाची; पोंच्यो परे मूं पर रे ॥ २ ॥ सब वसुधैव कुटुम्ब है मेरो, मेरा धाम सदर रे। मेरो ही हुकम सभी पर चाले, मुझ पर किणरो उजर रे ॥ ३ ॥ गोरख कबीर घणी ही भाखी; राखी नांही कसर रे। थाँरे मेघ कितांई बरसो; पण पत्थर न होवें तर रे ॥ ४ ॥ भूप भरथरी भूल न राखी; जिण भाखी शब्द समर रे। मारचा तीर ताक कर तन में, पण हृदय भयो बजर रे ॥ ५ ॥ मान कहे में कूड़ ना भाखूं; कहूं निष्पत्त निडर रे। अबकी कही सन्तो नहीं मानों; तो हो थे पशु नहीं नर रे ॥ ६ ॥

राग मारग मल्हार, तर्ज वाणी की। ताल दीपचन्दी ॥

हीरा घण मू कद डरे, घण री चोट चढावे हाँ।
यों साधू मन ना डरे हाँ हाँ, ते शब्द परखावे जी ॥टेर॥
बिना परख बिना गुरु किसा, जाग्रत बिन क्या चेला हाँ।
अन्ध अन्ध की संग में हाँ हाँ, भव जल कूप गिरेला जी।
बिन पारख गुरु नहीं कीजिए, ग्रंथ में साख सुणावे हाँ।
हीरा घण सूं० ॥१॥

हँस जिके तो हंस है, चुग रया मोतियों का चारा हां।
खीर पीये पानी छोड़दे हाँ हाँ, वे हंस लागे प्यारा जी।
हंस समान ये हरिजन, जग में नहीं अलुझावे हाँ।
हीरा घण सूं० ॥२॥

कनक कामिनी खोटी कहे, ज्याँने कायर जाणो हाँ।
मन ज्यांरो माने नहीं हाँ हाँ, अवरां ने दोष लगाणो जी।
साधू जिके तो सूरवा, सन्मुख अड़ जावे हाँ।
हीरा घण सू० ॥३॥

देवनाथ गुरु मन जीत है, जिन मेरो मन बस कीनो हाँ।
मान कहे अड़ काल सूं हाँ हाँ, उणने ही उत्तर न दीनो जी।
चत्री सुन हरिजन संग से, शिर धर निज पद पावे हाँ।
हीरा घण सूं० ॥४॥

राग सारंग-मल्हार, तर्ज वाणी की। ताल दीपचन्दी ॥

मोय गरीबी भावे नहीं, दीन ही दीन पुकारे हाँ।
घणी गरीब जो गाडरी, जिणने हर कोई मारे जी ॥टेर॥
गाडर होय घणा दिन रह्यो, अति दुःख उठायो हाँ।
सिंह कियो म्हारा नाथ जी, भेड़ भ्रम दूर भगायो जी ॥१॥
सिंह भयो जद सुख भयो, अबे ज्यांने सिंह करिया हाँ।
भिड़तां भेड़ पण भागियो, भेड़ों ने चरिया जी ॥२॥
दीन दीन बण डूबियो, देश री जहाज डुबाई हाँ।
ब्रह्म-विद्या जाणी नहीं, अपणी आप गुमाई जी ॥३॥
एक एक की खेंच में, उल्टा अलुझावे हाँ।
भारत भूमि क्यों नहीं धसे, कहि विध जीवित रहावे जी ॥४॥
पढ़ वशिष्ठ ने देख लो, कहीं नहीं दीन बतायो हाँ।
कठ बृहदारण्यक ईशावास्य, तूंही है तूंही है गायो जी ॥५॥
दोय दोय बार कही कृष्ण जी, अर्जुन समझायो हाँ।
गीता अनुगीता के मांही, कहीं नहीं दीन बतायो जी ॥६॥
आर्य सभी के गुरु हुते, शिष्य होतो जग सारो हाँ।
मान कहे अब दीनता, दिल सं दूर निवारो जी ॥७॥

॥ दोहा ॥

देश देश सब ही कहे, देश न देख्यो कोय।
बिना देश देख्याँ बिना, 'देश' गाय मत रोय ॥
बिना देश देख्याँ बिना, कैसे पावे देश।
दिशा विहूणा बावरा, क्यों धरे नकली भेष ॥
देश देश सब ही करे, और बसे आप परदेश।
मान आनन्द जब आवही, जब बस हीं निज देश ॥

राग देश-सोरठ। ताल कैरवा ॥

चालो उण देश में रे जोगिया, जहाँ नहीं मजहब नहीं पन्थ ॥टेर॥

चार वेद षट शास्त्र नहीं रे जोगिया, नहीं धरम नहीं ग्रन्थ। अल्ला राम दोनों नहीं रे जोगिया, नहीं स्वर्ग न जिन्नत। चलो उण देश० ॥१॥ ना वैकुण्ठ ना वहिश्त है रे जोगिया, नर्क दोजख ना कहन्त। ना कोई पंडित काजी मुल्ला रे जोगिया, ना कोई सत महन्त। चालो उण देश० ॥२॥ जीव ब्रह्म दोनों नहीं रे जोगिया, जहाँ है सबको अन्त। श्रुति पुरान कुरान नहीं रे जोगिया, सबसे अलग रहन्त। चालो उण देश० ॥३॥ देवनाथ गुरु हाथ गह्यो रे जोगिया, जब ये बात लखन्त। मानसिंह आनन्द सदा रे जोगिया, अपने में आप बसन्त। चलो उण देश० ॥४॥

राग देश–सोरठ। ताल कैरवा ॥

अगम दरबार मे रे जोगिया, अटक किणी ने नाय ॥टेर॥
जात ना वर्ण ना धरम कोई रे जोगिया, जो चाहे सो आय। ऊंच नीच जहाँ है नहीं रे जोगिया, छोट मोट कोई नांय। अगम दरबार में० ॥१॥ शीश उतार धरे कोई रे जोगिया, सो उण घर चढ़ जाय। पग विन पंथ चले कोई रे जोगिया, जब वह मार्ग लखाय। अगम दरबार में० ॥२॥ जीव ईश जहाँ हैं नहीं रे जोगिया, जहा नहीं राम खुदाय। इणी देश आनन्द है रे जोगिया, नहीं आवे नहीं जाय। अगम दरबार में० ॥३॥ चार वेद जहां हैं नहीं रे जोगिया, पट शास्त्र जहा नांय। नहीं कुरान की पहुँच है रे जोगिया, वाणी वाक्य नहीं पाय। अगम दरबार में० ॥४॥ देवनाथ सत गुरु मिले रे जोगिया, दीनो भेद बताय। मानसिंह निज आप में रे जोगिया, रयो शुद्ध रूप समाय। अगम दरबार में० ॥५॥

राग देश-सोरठ। ताल कैरवा ॥

समाधि म्हारे कौन करे रे जोगिया, मैं स्वत समाधि मांय ॥टेर॥
ए खट पट तो घणाई किया रे जोगिया, पण हाथ लग्यो कुछ नांय। रेत रुलाई इण देह ने रे जोगिया, पुनि पुनि जन्म धराय। समाधि म्हारे ॥१॥ घणा ही दिवस भूखा मरया रे जोगिया, अन्न जल दिया हटाय। धूणी पांच भी तापली रे जोगिया, पर मन स्थिरता नहीं पाय। समाधि म्हारे० ॥२॥

अनन्त देश मैं भटकियो रे जोगिया, कब तक कहूं मैं गिनाय। नर मादा नाना भयो रे जोगिया, जिणरो अन्त नहीं आय। समाधि म्हारे० ॥३॥ आंख खुली जद कुछ भी नहीं रे जोगिया, सब सुपनो ही दरसाय। अनन्त जन्म ऐसा लग्या रे जोगिया, एक पलक रे मांय। समाधि म्हारे० ॥४॥ देवनाथ गुरु वशिष्ठ मिल्या रे जोगिया, हम जब राम कहाय। राम वशिष्ठ दोनों नहीं रे जोगिया, मिल गये मेरे मांय। समाधि म्हारे० ॥५॥ मैं ब्रह्म मद में चूर भयो रे जोगिया, मन आवे ज्यूं बक जाय। जगत तमासो जाणसी रे जोगिया, मरजीवा है जिके पाय। समाधि म्हारे०॥६॥ बकणो म्हारो बेगम घणो रे जोगिया, कोई न करे विश्वास। जो विश्वास कोई कर लेवे रे जोगिया, तो देव रहे न कोई दास। समाधि म्हारे० ॥७॥

राग भैरवी। ताल तिताला ॥

यह नहीं देश हमारा है, साधो यह नहीं देश हमारा है॥ टेर॥
याही देशकी दुनिया दीवानी, मेरी गम किन हू नहीं जानी।
यह माया बीच विचारा है। साधो यह नहीं देश० ॥ १ ॥
याही देश में भेद भाव बहु, मेरी बात जाने नहीं हर कहु।
भूले मति मन्द गवांरा है। साधो यह नहीं देश० ॥ २ ॥
मेरे देश दिवस नहीं रजनी, जहां बिलसी है सुरता सजनी।
चन्द सूर नहीं तारा है। साधो यह नहीं देश० ॥ ३ ॥
मेरे देश का ढंग निराला, होवे हँस रहे मतवाला।
जग से कौन किनारा है। साधो यह नहीं देश० ॥ ४ ॥
मानसिंह कहे सुनो गुनिज्ञानी, वेद शास्त्र बहां है सच कहानी।
अपना ही आप निहारा है। साधो यह नहीं देश० ॥ ५ ॥

राग भैरवी। ताल कैरवा ॥

क्या पूछो हमें हम कहां से आये॥ टेर॥
आय गये अब कैसे बतावें, या को अंत कछु नही पाये॥ १ ॥
आना जाना है नहीं मुझ में, जन्म मरण दुख नहीं पाये॥ २ ॥

चार वेद पट शास्त्र नहीं रे जोगिया, नहीं धरम नहीं ग्रन्थ । अल्ला राम दोनों नहीं रे जोगिया, नहीं स्वर्ग न जिन्नत । चलो उण देश० ॥१॥ ना वैकुण्ठ ना बहिश्त है रे जोगिया, नर्क दोजख ना कहन्त । ना कोई पंडित काजी मुल्ला रे जोगिया, ना कोई संत महन्त । चालो उण देश० ॥२॥ जीव ब्रह्म दोनों नहीं रे जोगिया, जहाँ है सबको अन्त । श्रुति पुरान कुरान नहीं रे जोगिया, सबसे अलग रहन्त । चालो उण देश० ॥३॥ देवनाथ गुरु हाथ गह्यो रे जोगिया, जब ये बात लखन्त । मानसिंह आनन्द सदा रे जोगिया, अपने में आप बसन्त । चलो उण देश० ॥४॥

राग देश—सोरठ । ताल कैरवा ॥

अगम दरबार में रे जोगिया, अटक किणी ने नाय ॥टेर॥
जात ना वर्ण ना धरम कोई रे जोगिया, जो चाहे सो आय । ऊँच नीच जहाँ है नहीं रे जोगिया, छोट मोट कोई नांय । अगम दरबार में० ॥१॥ शीश उतार धरे कोई रे जोगिया, सो उण घर चढ़ जाय । पग बिन पंथ चले कोई रे जोगिया, जब वह मार्ग लखाय । अगम दरबार में० ॥२॥ जीव ईश जहाँ हैं नहीं रे जोगिया, जहा नही राम खुदाय । इसी देश आनन्द है रे जोगिया, नहीं आवे नहीं जाय । अगम दरबार मे० ॥३॥ चार वेद जहां है नहीं रे जोगिया, पट शास्त्र जहां नांय । नही कुरान की पहुँच है रे जोगिया, वाणी वाक्य नहीं पाय । अगम दरबार में० ॥४॥ देवनाथ सत गुरु मिले रे जोगिया, दोनो भेद बताय । मानसिंह निज आप मे रे जोगिया, रयो शुद्ध रूप समाय । अगम दरबार मे० ॥५॥

राग देश-सोरठ । ताल कैरवा ॥

समाधि म्हारे कौन करे रे जोगिया, मैं स्वत समाधि मांय ॥टेर॥
ए खट पट तो घणाई किया रे जोगिया, पण हाथ लग्यो कुछ नाय । रेत रुलाई इण देह ने रे जोगिया, पुनि पुनि जन्म धराय । समाधि म्हारे ॥१॥ घणा ही दिवस भूखा मरया रे जोगिया, अन्न जल दिया हटाय । धूणी पांच भी तापली रे जोगिया, पर मन स्थिरता नहीं पाय । समाधि म्हारे० ॥२॥

अनन्त देश मैं भटकियो रे जोगिया, कब तक कहूं मैं गिनाय। नर मादा नाना भयो रे जोगिया, जिणरो अन्त नहीं आय। समाधि म्हारे० ॥३॥
आंख खुली जद कुछ भी नहीं रे जोगिया, सब सुपनो ही दरसाय। अनन्त जन्म ऐसा लग्या रे जोगिया, एक पलक रे मांय। समाधि म्हारे० ॥४॥
देवनाथ गुरु वशिष्ठ मिल्या रे जोगिया, हम जब राम कहाय। राम वशिष्ठ दोनों नहीं रे जोगिया, मिल गये मेरे मांय। समाधि म्हारे० ॥५॥
मैं ब्रह्म मद में चूर भयो रे जोगिया, मन आवे ज्यूं बक जाय। जगत तमासो जाणसी रे जोगिया, मरजीवा है जिके पाय। समाधि म्हारे० ॥६॥
बकणो म्हारो बेगम घणो रे जोगिया, कोई न करे विश्वास। जो विश्वास कोई कर लेवे रे जोगिया, तो देव रहे न कोई दास। समाधि म्हारे० ॥७॥

राग भैरवी। ताल तिताला ॥

यह नहीं देश हमारा है, साधो यह नहीं देश हमारा है ॥ टेर ॥
याही देशकी दुनिया दीवानी, मेरी गम किन हू नहीं जानी।
यह माया बीच विचारा है। साधो यह नहीं देश० ॥ १ ॥
याही देश में भेद भाव बहु, मेरी बात जाने नहीं हर कहु।
भूले मति मन्द गवांरा है। साधो यह नहीं देश० ॥ २ ॥
मेरे देश दिवस नहीं रजनी, जहां बिलमी है सुरता सजनी।
चन्द सूर नहीं तारा है। साधो यह नहीं देश० ॥ ३ ॥
मेरे देश का ढंग निराला, होवे हँस रहे मतवाला।
जग से कौन किनारा है। साधो यह नहीं देश० ॥ ४ ॥
मानसिंह कहे सुनो गुनिज्ञानी, वेद शास्त्र वहां है सब कहानी।
अपना ही आप निहारा है। साधो यह नहीं देश० ॥ ५ ॥

राग भैरवी। ताल कैरवा ॥

क्या पूछो हमें हम कहां से आये ॥ टेर ॥
आय गये अब कैसे बतावें, या को अंत कछु नहीं पावे ॥ १ ॥
आना जाना है नहीं मुझ में, जन्म मरण दुख नहीं पावे ॥ २ ॥

की, अपने दिल से लाग मिटाने रे। मेरा भेद० ॥१॥ भेदी मिले तो भेद बताऊँ, नेक रखूँ नहीं छाने। जीवन मुक्ति पलक मे देऊँ, जैसे जल बिच तरंग समाने रे। मेरा भेद० ॥२॥ मेरा भेद लखेगा वोही, हरदम रहे मस्ताने। हस्तामलक ज्यूँ सब जग देखे, खुद नटवा बन खेल खेलाने रे। मेरा भेद० ॥३॥ मानसिंह कहे सुनो हो मित्रो, हम हैं मस्त दिवाने। या मस्ती को वोही पावे, पाप पुन सुख दुख नहीं माने रे। मेरा भेद० ॥४॥

राग भैरवी, तर्ज 'कन्हैया तेरो कारो" की। ताल कैरवा ॥

रहे मस्तान ऐसी घूंटी पाऊँ रे। रहे मस्तान० ॥टेर॥
खुद मस्ती की घूँटी पाकर, जीवत मृतक बनाऊँ। काम क्रोध मद लोभ मोह का, जड़ा मूल से खोज मिटाऊँ रे। रहे मस्तान० ॥१॥ मानो गयन्द समान झूम रहे, ऐसो आनन्द दिलाऊँ। हर्ष शोक से रहित होय फिर, परमानन्द पद सहज मिलाऊँ रे। रहे मस्तान० ॥२॥ रंक हो जिसको करूँ बादशाह, दुर्मति दूर हटाऊँ। आय बादशाह चरण सिर नावे, ऐसो अद्भुत खेल खेलाऊँ रे। रहे मस्तान० ॥३॥ कहे मानसिंह सुनो हो मित्रो, तत से मन समझाऊँ। जीवन मुक्त करूँ या तन मे, अजब अनोखी मौज कराऊँ रे। रहे मस्तान० ॥४॥

राग भैरवी, तर्ज "कन्हैया तेरो कारो" की। ताल कैरवा ॥

पतड़ो खोल पण्डित कहा मोहे सुनावे रे। पतड़ो खोल० ॥टेर॥
जेती बात मेरे पतड़े मैं, तेती तुम नहीं पावे। मम पतड़े आधार तुमारो फिर फिर के तो पन्डित यहीं पर आवे रे। पतड़ो खोल० ॥१॥ पतड़ो खोल बात कहे सगरी, आखिर यूँ समझावे। तेरी कही बात नहीं होवे, तो फिर ईश्वर को बतलावे रे। पतड़ो खोल० ॥२॥ तुम जो कहो ईश्वर रे पन्डित, वो तो निजर नहीं आवे। मेरी कही मानले पण्डित, तो ईश्वर तोहे सहज मिलावे रे। पतड़ो खोल० ॥३॥ तेरो पतड़ो जो यह पण्डित, बरस मे रद हो जावे। मैं पतड़ो तोहे ऐसो पढ़ाऊँ, आदि अनादि से बचियो ही जावे रे। पतड़ो खोल० ॥४॥ तव पतड़े मे एक जन्म की, बात जरा कह जावे। मम

पतड़े में अनन्त जन्म की, बात निजर जैसे आज दरसावे रे। पतड़ो खोल० ॥५॥ एक बात अजब रे पन्डित, मम पतड़े में पावे। इसको बांच धारले रे पन्डित, मह तो दूर फिर जन्म न आवे रे। पतड़ो खोल० ॥६॥ तू तो पन्डित बात कहे यह, मेरी समझ नहीं आवे। ज्यों अन्धे की लकड़ी अन्धे, पकड़ के दोनों कूप गिरावे रे। पतड़ो खोल० ॥७॥ मानसिंह कहे सुनो हो पन्डित, यह रस तुम में न आवे। तू तो मरे के बाद मोक्ष दे, हम तो जीवत मोक्ष पठावें रे। पतड़ो खोल०. ॥८॥

राग भैरवी, तर्ज "कन्हैया तेरो कारो" की। ताल कैरवा॥

मोहे चहिये नांय, मेरा तो मैं ही हूं जाचिया रे। मोहे चहिये नांय० ॥टेर॥ अपना जप तो आपको करना, वेद और ग्रन्थ सुनावे। अवर भरोसे रहे आलसी, ऐसो आलस तो मोहे नहीं भावे रे। मोहे चहिये नांय० ॥१॥ अन्धविश्वास तो उड़ गयो सगरो, समझ गयो मन मांई। जन्तर मन्तर जप और माला, ऐसी पोल अब चले यहां नांई रे। मोहे चहिये नांय० ॥२॥ देखो ये अवरन के ऊपर, बैठा मौज उड़ावे। ऐसे क्या मोंदू हम ही हैं, हम तो कमावें और इन्हें जीमावें रे। मोहे चहिये नांय० ॥३॥ रिषियों के दृष्टान्त देत हैं, वे तो थे निज ज्ञानी। बिना काम के दान न लेते, खुद भी थे वे तो देने के दानी रे। मोहे चहिये नांय० ॥४॥ ब्राह्मण क्षत्री वैश्य शुद्र थे, चारों एक समाना। गुण अनुसार करम सब बांटे, वेद और गीता का देऊँ प्रमाना रे। मोहे चहिये नांय० ॥५॥ वेश्या पुत्र वशिष्ट जो कहिये, सूत शूद्र सुत जाना। बालमीकि था भील जाति का, स्वयम् राम के गुरु जिन माना रे। मोहे चहिये नांय० ॥६॥ काकभुषन्ड गरुड़ पक्षी थे, उनको भी सनमाना। बन्दर रींछ हृदय से लगाये, हाय गयो कहां वह विज्ञाना रे। मोहे चहिये नांय ॥७॥ बालक गुडियां खेल करे ज्यों, ऐसो खेल मचायो। फूटे भाग इस भारत देश के, जब ही बुरो दिन ऐसो आयो रे। मोहे चहिये नांय० ॥८॥ रूठ गयो भगवान देश से, छाई रात अंधारी। नर नारी सब उल्लू हो गये, बड़े तो उल्लू हैं ये सन्त पुजारी रे। मोहे चहिये नांय० ॥९॥ देवनाथ गुरु दया करी जब, यह मद हमको दीना।

की, अपने दिल से लाग मिटाने रे। मेरा भेद० ॥१॥ भेदी मिले तो भेद बताऊँ, नेक रखूँ नहीं छाने। जीवन मुक्ति पलक में देऊँ, जैसे जल बिच तरंग समाने रे। मेरा भेद० ॥२॥ मेरा भेद लखेगा वोही, हरदम रहे मस्ताने। हस्तामलक ज्यूँ सब जग देखे, खुद नटवा बन खेल खेलाने रे। मेरा भेद० ॥३॥ मानसिंह कहे सुनो हो मित्रो, हम हैं मस्त दिवाने। या मस्ती को वोही पावे, पाप पुन सुख दुख नहीं माने रे। मेरा भेद० ॥४॥

राग भैरवी, तर्ज "कन्हैया तेरो कारो" की। ताल कैरवा॥

रहे मस्तान ऐसी घूँटी पाऊँ रे। रहे मस्तान० ॥टेर॥

खुद मस्ती की घूँटी पाकर, जीवत मृतक बनाऊँ। काम क्रोध मद लोभ मोह का, जड़ा मूल से खोज मिटाऊँ रे। रहे मस्तान० ॥१॥ मानो गयन्द समान भूम रहे, ऐसो आनन्द दिखाऊँ। हर्ष शोक से रहित होय फिर, परमानन्द पद सहज मिलाऊँ रे। रहे मस्तान० ॥२॥ रंक हो जिसको करूँ बादशाह, दुर्मति दूर हटाऊँ। आय बादशाह चरण सिर नावे, ऐसो अद्भुत खेल खेलाऊँ रे। रहे मस्तान० ॥३॥ कहे मानसिंह सुनो हो मित्रो, तन से मन समझाऊँ। जीवन मुक्त करूँ या मन में, अजब अनोखी मौज कराऊँ रे। रहे मस्तान० ॥४॥

राग भैरवी, तर्ज "कन्हैया तेरो कारो" की। ताल कैरवा॥

पतड़ो खोल पण्डित कहा मोहे सुनावे रे। पतड़ो खोल० ॥टेर॥

जेती बात मेरे पतड़े में, तेती तुम नहीं पावे। मम पतड़े आधार तुमारो फिर फिर के तो पन्डित यहीं पर आवे रे। पतड़ो खोल० ॥१॥ पतड़ो खोल बात कहे सगरी, आखिर यूँ समझावे। तेरी कही बात नहीं होवे, तो फिर ईश्वर को बतलावे रे। पतड़ो खोल० ॥२॥ तुम जो कहो ईश्वर रे पन्डित, वो तो निजर नहीं आवे। मेरी कही मानले पण्डित, तो ईश्वर तोहे सहज मिलावे रे। पतड़ो खोल० ॥३॥ तेरो पतड़ो जो यह पन्डित, बरस में रद हो जावे। मैं पतड़ो तोहे ऐसो पढ़ाऊँ, आदि अनादि से बचियो ही जावे रे। पतड़ो खोल० ॥४॥ तव पतड़े में एक जन्म की, बात जरा कह जावे। मम

ज्ञान को सूर्य उगायो अन्दर, तब यह तत्त्वमसि मद हम पीना रे। मोहे चहिये नांय० ॥१०॥ मानसिंह उर भयो उजालो, अब न अन्धेरे में जावें। उल्लू अपनी बकते रहयो, हम तो उजाले में मौज उड़ावें रे। मोहे चहिये नांय० ॥११॥

राग भैरवी, तर्ज "कन्हैयो तेरो कारो" की। ताल केरवा ॥

हूँ ये गुलाम, कैसे भेद बताऊँ रे। हूँ ये गुलाम० ॥टेर॥ जन्म जन्म तक की गुलामी, ठाकुर कैसे बनाऊँ। गोरख कबीर ने ढोल बजायो तो मैं इन बहरों को कैसे सुनाऊँ रे। हूँ ये गुलाम० ॥१॥ ईश्वर जुदा जुदा खुद रहते, कैसे एक बताऊँ। मांग मांग के उमर बिताई, इन मंगतों को कैसे माल दिखाऊँ रे। हूँ ये गुलाम० ॥२॥ कोई वैकुण्ठ समुद्र में ढूँढे मैं क्यों गोते खाऊँ। कोई चौथे आसमान में दौड़े, इन डरपोकों से क्यों स्यान गमाऊँ रे। हूँ ये गुलाम० ॥३॥ राजा मंगते परजा मंगते, मंगते देव बताऊँ। मंगतों का ईश्वर भी मंगता, इन मंगतों को मैं तो देख हंसाऊँ रे। हूँ ये गुलाम० ॥४॥ देवनाथ दाता के दाता, नाथ के रूप समाऊँ। मान अनाथ कभी नहीं होवे, जो कोई बने उनको नाथ बनाऊँ रे। हूँ ये गुलाम० ॥५॥

॥ दोहा ॥

मानसिंह ससार में, भरी है भूल अनन्त।
गिनती करता थक गया, कितना कहिये पंथ ॥
मानसिंह संसार के, कहिये मता अनेक।
एक से एक अड़ता रहे, मारे एक को एक ॥
मानसिंह मन मान ली, करड़े मते ली धार।
पोल पंथ में ना पजूँ, कर लो जतन हजार ॥
बहुत दिनां तक फंस लियो, फंस कर खाई मार।
पूरब पुन किरपा भई, उपज्यो ज्ञान विचार ॥
सतगुरू मिल गये नाथजी, ये वे सच्चे नाथ।
नाथ कियो नृप मान को, मेट दियो है अनाथ ॥

राग प्रभाती। ताल कैरवा॥

मेरी माला तू क्या फेरे, अपनी आप मैं फेरूँ रे। मेरी माला तू ॥टेर॥ माला जैसो काम जगत में, अवरां ने कौन मोलावे रे। इतनो ही काम होय नहीं हमसे, तो क्यों मनुष्य तन पावें रे ॥१॥ ऐसी माला फेर फेर कर, सबको आलसी कीना रे। झूठा धोखा दे दे जगत को, अपना घर भर लीना रे ॥२॥ माला फेरयां लक्ष्मी आवे, माला सूं दुख जावे रे। तू फिर क्यों यूं फिरे मांगतो, क्यों इतनो दुख पावे रे ॥३॥ तीन तांप सूं शान्ति करसी तो, अपनी क्यों नहीं करले रे। आप दुखी हो फिरे जगत में, क्यों न दरिद्रता हरले रे ॥४॥ माला जैसी चीज जगत में, मांगी मिले उधारी रे। देखो ठगों ठगाई मांडी, पोल मचाई भारी रे ॥५॥ ऐसी माला हमें न चहिए, यहां मत पोल चलावो रे। ऐसो खुशामदी ईश्वर तुम्हारो, उसको दूर हटावो रे ॥६॥ इण माला सूं तो यों ही आछा, मन आवे जहां जावें रे। स्वर्ग नरक जो मिले कोई भी, नहीं गुलाम रहावें रे ॥७॥ आठों पहर फिरत है माला, पलक ढील नहीं लावे रे। बिना सुमेर गांठ बिन फिरती, मणिया कौन घिसावे रे ॥८॥ सदा अजय हूं जय क्या बोले, जय की जय क्या होवे रे। कर कर पोल गोल इण जग में, क्यों तू जगत डुबोवे रे ॥९॥ ऐसी पोल चले नहीं यहां, पर, हम अपने अधिकारी रे। मान मार विज्ञान के गोले, बिगड़े शान तुम्हारी रे ॥१०॥

राग प्रभाती। ताल कैरवा॥

ऐसो निरत करे ओ सब में, कथक निजर ना आवे रे ॥टेर॥
जैसो निरत भाव से ही पूरे, रत्ती न कसर दिखावे रे।
भाव बरोबर देखे सब जग, तो ही न खोज लगावे रे ॥१॥
देखे हँसे और नाचे गावे, नई-नई तान सुनावे रे।
बाल वृद्ध और तरुण होय कर, नाना स्वांग धर आवे रे ॥२॥
स्थावर जंगम सभी इसी में, नाना चरित चरितावे रे।
खुशी होय तो निरत करे यो, नहीं तो चुप हो जावे रे ॥३॥

रूप निरखी रो निरत देखतां, बुद्धि नाच रचावे रे।
आप अकेलो बैठो रहवे, सब ने नाच नचावे रे ॥४॥
बिना रूप रंग साज बजावे, बिन स्वर सुन्दर गावे रे।
पाँच पचीस माय कथक के, एक दूर नहीं जावे रे ॥५॥
क्या मजाल जो कोई पलटे, डोरी हाथ रहावे रे।
जो स्वर भंग कोई कर दे तो, पकड़ ठिकाने लावे रे ॥६॥
कई तो स्वांग धार लिया कथक, कई धारणो जावे रे।
कैसा स्वांग फेर ओ धरमी, जिण रो अन्त न आवे रे ॥७॥
जो कथक ने खोजण जावे, पाछो जबाब न लावे रे।
कथक रूप होय ने नाचे कथक में मिल जावे रे ॥८॥
देवनाथ गुरु कथक पूरे, कथनी कथन सिखावे रे।
मानसिंह कथक में मिलणो, फेर फेर कुण आवे रे ॥९॥

राग प्रभाती । ताल कैरवा ॥

इण नट डोर पकड़ सब जग री, अपणे हाथ नचायो रे ॥टेर॥
जगत पूतली रूप सभी है, आप ही खेल खेलायो रे।
सब की आंख मीच दीवी नटवे, देखो भरम फैलायो रे ॥१॥
अचरज एक देख्यो इण नट रो, सो किम जाय बतायो रे।
जेती पूतली तेती में सब, एक ही नटवो गायो रे ॥२॥
बिन नटणी नटवो नहीं रहवे, कैसो जाल बिछायो रे।
इणी जाल से जो नट निकले, नटवे रूप कहायो रे ॥३॥
काशी मथुरा गया द्वारका, जंगल पहाड़ फिरायो रे।
फिर फिर करके पूछत रेहयो, नट नो किणी ना बतायो रे ॥४॥
जहाँ जहाँ गयो डाल बाड़े में, मारयो और धमकायो रे।
लूट लियो धन पास न रेयो, फिर आगो सरकायो रे ॥५॥
मारयो कुटयो रोवण लागो, कोई दया नहीं लायो रे।
इतने नाथ हाथ आय पकड़यो, दिल रो दरद पूछायो रे ॥६॥
किण कारण शिष्य फिरे भटकतो, किण कारण दुख पायो रे।

मन री बात खोलदी सारी, हृदय जभी भर आयो रे ॥७॥
कौण आधार जगत ओ नाचे, संशय मोय रहायो रे।
जगत नचावे देखूं उण ने, यह मेरे मन भायो रे ॥८॥
रे रे मान भूलकर रह गयो, क्यों यह वक्त गमायो रे।
तू ही नट जग तू ही नचावे, किण ने खोजण धायो रे ॥९॥
ज्ञान भान ऊगो उर अन्दर, पड़दो दूर हटायो रे।
आप आप लख आप हँस्यो मैं, आछो ठगन ठगायो रे ॥१०॥

राग टोडी। ताल दीपचन्दी ॥

हेला दे समझाऊं, कछु मैं गुप्त न राखूं। हेला दे समझाऊं ॥टेर॥
काम नहीं पड़दे को यहाँ पर, सहज स्वरूप दिखाऊं। जो देखे सोई मित्र हमारे, ब्रह्म में जीव मिलाऊं। कछु मैं गुप्त० ॥१॥ भेदाभेद छेदकर आवे ज्यांने, ज्ञान अमीरस पाऊं। पी कर प्याला मस्त रहे नित, मन के भरम भगाऊं। कछु मैं गुप्त० ॥२॥ अन्ध विश्वास मोय नहीं भावे, चौड़े ढोल बजाऊं। आप पराई कछु नहीं देखूं, तुरन्त ही धूल उड़ाऊं। कछु मैं गुप्त०॥३॥ देवनाथ कबीर मिले गुरु, ज्यों पाई दरसाऊं। मान अज्ञान निकट क्यों आवे, जब ज्ञान को भान उगाऊं। कछु मैं गुप्त० ॥४॥

राग टोडी। ताल दीपचन्दी ॥

ठगन को कैसे जाय ठगायो।
बहुत दिनाँ तक जाण्यो नांही, तब तक माल लुटायो ॥टेर॥
भंग अफीम चरस में भर भर, बहुत दिनां तक पायो। बहुत दिनां तक डर्यो इनके डर, हाथ नहीं कुछ आयो ॥१॥ ग्रह राशिन में बहुत दिनाँ तक, इन मोही अलुझायो। अबके खबर पड़ी जब मुझको, सगरो विघ्न मिटायो ॥२॥ देवनाथ गुरु हाथ पकड़ के, पूरो साथ निभायो। मानसिंह सब ठग पाखंड को, दे ठोकर ठुकरायो ॥३॥

राग टोडी। ताल दीपचन्दी ॥

अब हम मस्त भये क्या बोलें ॥टेर॥
अपने आप की है ये मस्ती, शिर साटे की मोलें। मगन होयकर बैठ गये

हम, अब इन उत नहीं डोलें ॥१॥ जा बैठे उस हाट के ऊपर, पी लिया मद अनतोले। पीते पीते हो गये मद छक, झूलत प्रेम हिंडोले ॥२॥ मगन भये झांकी एक देखी, परवत राई ओले। झांकी देखत मिल गये उसमें, कौन ढके कौन खोले ॥३॥ इस मस्ती में दावा न किसी का, होवे सो ही होले। मानसिंह कहे वह नहीं माने, जो अमृत में विष घोले ॥४॥

राग टोडी। ताल दीपचन्दी ॥

रहे हम उस रंग मे मतवारे ॥टेर॥
मेरे रंग की मैं ही जानू, क्या जाने भोले बेचारे। सब को रग में रंग देते है, फिर रहते हैं न्यारे ॥१॥ एक ही रंग ढंग एक मेरा, जो कोई इसे निहारे। देखत देखत रग में मिले है, फेर सुरत नही टारे ॥२॥ मेरो रग देऊं नहीं जीवत, पहले उसको मारे। मर रंगू रग फिर करू जिन्दा, काल से भी नहीं हारे ॥३॥ मरके जीवे वह आशिक सच्चा, देखे नैन निजारे। मानसिंह कहे सुनो भाई साधो जो चाहो रंगत हमारे ॥४॥

राग मालकोश। ताल तिताला ॥

ऐसा अ र अमरकेश हम पाया ॥टेर॥
यह मेरा कोश कभी नहीं खूटे, चाहे जितना बन्टाया।
ज्यों बांटे ज्यों बढ़ता ही जावे, तस्कर हाथ न आया ॥१॥
अमरकोश के ताले अजब है, जिन खोला खुलवाया।
पर से पडयो हाथ नहीं आवे, यों ही कगाल रहाया ॥२॥
जिनको चाह उन्हीं को मिलता, सतगुरु खोल दिखाया।
जनम जनम भिक्षुक बन राजी, उनको नाँय धताया ॥३॥
हमतो जन्म जन्म से मांगते, बहुत हैरान हो आया।
जब मागन ते दुखी हुवे हम, सतगुरु अरज सुणाया ॥४॥
अमरकोश माल का मिल गया, मालकोश तब गाया।
याही कोश को अकेला न राखूं, सब को बांट कर खाया ॥५॥
देवहू नाथ साथ कर मेरो, ऐसा विराज बताया।
मान चौगुणो लाभ कियो है, सुपने कसर न आया ॥६॥

राग मालकोश । ताल तीताला ॥

जो पीते उन्हें पिलाते है। नहीं मुफत में है मद मेरा, नहीं खुशामद चाहते हैं ॥टेर॥

कीमत बहुत कछू नहीं कीमत, कहो तो तुम्हें समझाते हैं। सिरफ एक शिर लेऊं उतारके, अपना उसे बनाते हैं ॥१॥ है दुकान चौड़े बजार में, नहीं किसको बतलाते हैं। जो हैं शौकीन आप ही आते, देके शिर ले जाते हैं ॥२॥ अपनी धुन हम गाते रहते, नहीं डर चुप हो जाते हैं। पीने वाले पीयें प्रेम से, गाफिल गोते खाते हैं ॥३॥ कहे मानसिंह मस्त हो कोई, मेरे यहाँ चल आते हैं। फिर नहीं चाहते पीछा जाना, पी यहीं पर सो जाते हैं ॥४॥

राग सारंग । ताल रूपक ॥

आज री आनन्द सजनी कैसे कहूं बताय रे। गुरु न चेला हूं अकेला, निर्भय रहूं मन मांय रे ॥टेर॥

कौन किसकी करूं गुलामी, कोई दाय न आय रे। एक अन्तरयामी हूं मैं, घट घट रयो समाय रे ॥१॥ नहीं कर्म और नहीं करणी, नहीं पंथ चलाय रे। कौन की है माला जपणी, हँसी रूप दिखाय रे ॥२॥ चार वाणी चार खाणी वहां पहुँचे नांय रे। इन सभी को किया मैंने, मुझको कौन बनाय रे ॥३॥ चार वेद और शास्त्र षट सब, मोही ते उपजाय रे। ब्रह्मा विष्णु मोते उपजे, मेरे बीच समाय रे ॥४॥ नित्य हूं आनन्द हूं सत् चित्त सबके मांय रे। नेति नेति निगम थाके कहे सके नहीं ताय रे ॥५॥ हूं स्वतन्तर नहीं परतन्तर अपने रूप के मांय रे। निजानन्द की अजब मस्ती, अन्तर लागे नांय रे ॥६॥ हमी देवा हमी नाथ हमी जात अजाय रे। मान मान अमान हम हैं, हमी हमको ध्याय रे।

राग सारंग । ताल रूपक ॥

छीलरियों में कूण न्हावे, पड्यो समदां सीर रे। भूलने कुण जहर पीवे, मिली सुन्दर खीर रे ॥ टेर ॥

ज्ञान गम रो ओढ्यो दुशालो, अब कौण ओढे चीर रे।
घर में धन और कौण मांगे, कौण बणे फकीर रे॥ १॥
पथर पाथर कौण पूजे, स्वतः हैं हम पीर रे।
आप अपना करे सब कुछ, क्या करे तकदीर रे॥ २॥
जगत तो मति हीन हो गई, भूले दुख रे तीर रे।
ज्ञान दियो गुरुदेव जी, जद टूट गई जंजीर रे॥ ३॥
तोड़िया तकदीर म्हेतो, भया ज्ञान गम्भीर रे।
ज्ञान रो दरियाव उलट्यो, समता शुद्ध समीर रे॥ ४॥
हम गोपाल और गाय हम हैं, कौन बने अहीर रे।
अपनो पय हम आप पीयो, पीयत भया बेपीर रे॥ ५॥
नाथजी रो साथ कीनो, मेटी झूठी लकीर रे।
मान लकीर ने सांप मान्यो, जिते न लगी तदबीर रे॥ ६॥

राग सारंग। ताल रूपक॥

भारी जीवों ने बांधिया यां खूब मचाई रोल रे।
एक एको गली लांबी, निकलन रो नहीं डौल रे॥ टेर॥
चोर मिलिया चोर सेती, मची भ्रमर भोल रे।
जीव बपुरा जाणे नांही, गूढ अन्तर पोल रे॥ १॥
कोई कहे कर धरन मिलसी, कोई पूजा जोर रे।
कोई कहे नित मन्त्र जपणो, मिले नवलकिशोर रे॥ २॥
कोई कहे परणाय तुलसी, मिलें हरिपुर ठौर रे।
छोरो ने यूं चोर लूंटे, खूब जमावे जोर रे॥ ३॥
वृक्ष बनड़ी ने पत्थर बनड़ो, मिली कैसी जोड़ रे।
ब्याह क्या यह धनको लूटण, लाग्या रहे चकोर रे॥ ४॥
नाथ आया सूता जगाया, दिया बचन अमोल रे।
दिव्य दृष्टि कर खोलल्यो उर, लियो कांटे तोल रे॥ ५॥
तत्त्व की तुलसी म्हारे, असि ठाकुर सोय रे।
तत्त्वं मिल असि होया, टूटा बन्ध कठोर रे॥ ६॥

पीव प्यारी एक होया, बन्ध्या गाढा कोल रे।
मान मिल गयो पीव में, जद बज्यो जंगी ढोल रे॥ ७॥

राग सारंग। ताल रूपक॥

अमर प्याला पियो अवधू, फेर मरणो नांय रें। शीश अलगो मेल पीवे, ज्याने हजम हो जाय रे॥ टेर॥

रात दिन मिल पीव रेवे, बैठो सुरत लगाय रे।
उठत बैठत हालत बोलत, पलक नहीं अटकाय रे॥ १॥
अमर प्याला पी लिया वे, कहो क्यों मर जाय रे।
मरने जीवे जिके पीवे, रया ब्रह्म समाय रे॥ २॥
काल रा वण काल बैठा, काल किण विध खाय रे।
जीव थो सो ब्रह्म मिल गयो, किणने जम लेजाय रे॥ ३॥
पीया जिके तो अमर है, इण देखो जगरे मांय रें।
नहीं पिया जिके झूठा स्वांगी, फिरे स्वान डराय रे॥ ४॥
पीया जिके तो मस्त हो गया, बैठा मौज उड़ाय रे।
इन्द्र जैड़ी सायबी वे, ठोकर सूं ठुकराय रे॥ ५॥
नाथजी मस्तान मिलिया, बरजत दियो म्हांने पायरे।
पीवतां तो दोरो लाग्यो, अब अजब आनन्द आयरे॥ ६॥
बीज रो निज बीज जोयो, जगत सब इण मांयरे।
महा माया रहे इण में, इण बिना कोई नांय रे॥ ७॥
ऐसा प्याला पिया अनुभव, रह्या शुद्ध समाय रे।
चारूँ दिश सूं सिमट बैठा, जंमरी बही जलाय रे॥ ८॥
माम मारग मिल्यो सीधो, कौन ऊजड़ जाय रे।
महान रूप समा रह्यो, अब चेतन एक दिखाय रे॥ ९॥

राग सारंग। ताल रूपक॥

जगत मंगता फिरे मांगत, सोय भावे नांय रे।
हर किसी से मांगणों, म्हारे नहीं आवे दाय रे॥ टेर॥

गुरू मगता चेला मंगता, मंगता भूप कहाय रे।
मंगतां आगे मांगे मंगता, हँसी इण री आय रे॥ १॥
काजी मगता पंडित मंगता, मंगता पीर रहाय रे।
ब्रह्मा मंगता विष्णु मंगता, मंगता शंभु कहाय रे॥ २॥
देव मंगता मंगता पुजारी, मागत नहीं शरमाय रे।
[रो मघ मेलो मंडियो, लूंटा खोस मचाय रे॥ ३॥
मांगियें तो कुछ ना देवे, भूठा मांगो जाय रे।
आपरे खुद पास नहीं है, क्या देवे थांने लाय रे॥ ४॥
मैं भी मगता नाथका, पण मांग्यो दियो मिलाय रे।
मिलगयो जब मिट्यो मांगण, अब निर्भय मौज उड़ायरे॥ ५॥
बिना म ग्या देऊँ सबको, चाहे सो लेजाय रे।
मांगण री ज्यांरे पड़ी आदत, कैसे देऊँ छुड़ाय रे॥ ६॥
दातारां ने जाणे नांही, पास मगतां रे जाय रे।
मानसिंह निर्भय भयो, म्हारे खच्यों खूटे नांय रे॥ ७॥

तर्ज डके की। ताल कैरवा॥

आलीजा थांने, ढूंढ लियो जग सारो रे॥ टेर॥
कोई कहे वेदों पुराण में, कोई कहे ओ है कुराण में। कहे सब न्यारो ही न्यारो रे। आलीजा थांने०॥ १॥
प्यारी म्हांने, क्यों नें ओलखियो न्यारो ए॥ टेर॥
घट घट में मैं परगट बोलू, रात दिवस मैं सब मे डोलू। आलस उड्यो नहिं थारो ए। प्यारी म्हांने०॥ २॥ अनन्त जन्म की नींद में सूती, जगह जगह गई जहां कूटी। कोई न मिल्यो बतावण हारो रे। आलीजा थांने०॥ ३॥ न्यारो हुवे तो कोई बतावे, घर में हुवे तो कौन दिखावे। क्यों न लख्यो उणियारो ए। प्यारी म्हांने०॥ ४॥ कोई चौथे असमान बतायो, कोई वैकुण्ठ पाताल सुनायो। कोई कहे पथरों में प्रीतम न्यारो रे। आलीजा थांने०॥ ५॥ लोक कहे तैं जाणी भूठी, जिण सूं थाने मारी

कूटी। उगरो आनन्द लाग्यो प्यारो ए। प्यारी म्हांने ॥ ६ ॥ गुरु मिल्या सो मिल्या स्वार्थी, कोई न म्हांने मिल्यो परमार्थी। जिण सूं रैयो अंधियारो रे। आलीजा थांने० ॥ ७ ॥ झूठों री तैं पल बहु करली, वैर वैर जनमी और मरली। अब क्या मतो है तुम्हारो ए। प्यारी म्हांने० ॥८॥ देवनाथ है प्रीतम मेरा, प्रण करके निश्चय कर हेरा। सगलोई जग लागे खारो रे। आलीजा थांने० ॥ ९ ॥ नहिं खारो और ना कोई फीको, नहिं खारो और ना कोई नीको। सब जग रूप तिहारो ए। प्यारी म्हांने० ॥ १० ॥ मान अज्ञान रैयो नहिं कोई, पक्की निश्चय गुरु मुख होई। अनन्त भास उजियारो रे। आलीजा थांने० ॥ ११ ॥

तर्ज डंके की। ताल कैरवा ॥

क्या पूछे सहेली, इसड़ो आनन्द उण घर को ए ॥ टेर ॥

उण घर री तो वात्यां म्हारी; कहियन आवे ऐसी प्यारी; धारयां सूं मिट जावे अमरो धड़को ए ॥ १ ॥ पीव सयाना मिल्यो गुण खाना, आनन्द हो गयो प्रगट पिछाना; धोखो मिट्यो है पर सर को ए ॥ २ ॥ गुणतीत है ऐसो स्वामी, सब घट व्यापक अन्तर्यामी; मन और वाणी सूं परको ए ॥ ३ ॥ ऐसी सुन्दर सैज बिछाई, नारी पुरुष जहां दीखे नांई; मिट गयो देह अभिमान को चरको ए ॥ ४ ॥ मान स्वरूप भयो है अनूप, छाया न धूप है निज रूप; संग किये अजर अमर को ए ॥ ५ ॥

तर्ज डंके की। ताल कैरवा ॥

ओ ब्रह्म मद प्यालो, शीश दियो जिन पीयो रे ॥ टेर ॥

होय मस्ताना, सहज दिवाना, पायो ज्ञाना; सहज अमी रस लीयो रे ॥ १ ॥ चारूँ वाणी, चारूँ खाणी, त्याग दिवी सब जग की निशाणी; बिना प्राण बिन जीयो रे ॥ २ ॥ हो बेखटके, कहीं न अटके, भूल भरमरी मटकी पटके; अजर अमर पद लीयो रे ॥ ३ ॥ मान सुजाना, ताही को माना, जिनके अन्तर आतम ज्ञाना; घट घट दरसन दीयो रे ॥ ४ ॥

बधावो राग मंगल । ताल दीपचन्दी ॥

आनन्द मिल्यो सो क्यों कर कहूँ हेजी होजी। मुख से कह्यो नहीं जाय। आनन्द मिल्यो० ॥ टेर ॥

कहद् तो कोई माने नहीं हेजी होजी; बात समझ मे नहीं आय।
भेद विहूणा है सभी हेजी होजी, ज्यांरे मन इचरज थाय ॥ १ ॥
बहुत अटपटी बात है हेजी होजी, बिन पग पन्थ चलाय।
जाणे जिके तो चल सके हेजी होजी, औरों सूं चल्यो नहीं जाय ॥ २ ॥
जगरी खटपट मिमटे नहीं हेजी होजी; अधबिच गोता खाय।
खटपट मेट झटपट लखे हेजी होजी; जिके नर निज पद पाय ॥ ३ ॥
आ खटपट कोई अलगी नहीं हेजी होजी, खटपट है मन मांय।
मनडे री खटपट छोड़ दो हेजी होजी; सर्व सुखी हो जाय ॥ ४ ॥
म्हांने मिल्या सतगुरु नाथजी हेजी होजी; उलझन दिवी सुलझाय।
मान निशंकिन सो रह्यो हेजी होजी; अब नहीं कोई रे जगाय ॥ ५ ॥

राग कानड़ा । ताल दीपचन्दी ॥

मुझ में जगत हुवा नहीं होई। होत मिटत मिथ्या है दोई ॥ टेर ॥ गंधरव नगर मिथ्या ही भासे. ऐसे ही जग है नाना तमासे। मरुधर नदी मे नीर कहां जोई, वहां तो नीर मिले नहीं कोई ॥ १ ॥ तिमिर दोष ते अवर दिखावे, है तो कुछ और कुछ और बतावे। जैसे जल मे सूर्य अनेका, जल सूके सूरज भयो एका ॥ २ ॥ बालक छाया में भूत बतावे, समझ पड़ी जब झूठ दिखावे। रज्जू मे सरप सीप में चान्दी, तैसे ही मन की भावना मानी ॥ ३ ॥ पाप और पुन कौन को लागे, जो सोवे सो नींद से जागे। मैं चेतन नित रहत सदाई, जाग्रत मे नित जाग्रत पाई ॥ ४ ॥ ना कोई फुरना ना कोई फुरिया, आप अलख शब्द नहीं जुड़िया। मानसिंह लखी गम गुंजा। परम पवित्र प्रकाश के पुंजा ॥ ५ ॥

राग कानड़ा । ताल दीपचन्दी ॥

मैं हूं परम आस्तिक प्यारा। परम नास्तिक मजहबी सारा ॥ टेर ॥

कोई चौथे आसमान बतावे, कोई बैकुंठ समुद्र धुमावे। कोई मूरत में ईश्वर समझावे, अपनी मति बके न्यारा न्यारा ॥ १ ॥ कोई कहे ईश्वर वेद की वाणी, कोई कहे ईश्वर जोत निसाणी। न्यारी न्यारी करें खैंचा ताणी, असल बात से किया है किनारा ॥ २ ॥ कोई कहे ईश्वर आवाहन से आवे, कोई माला और मंत्र जपावे। कोई ईश्वर को दानी बतावे, यों कर प्रपंच फैलावे अपारा ॥ ३ ॥ मेरा ईश्वर ऐसा है भाई, मैं खुद ईश्वर और न पाई। आल जाल मेरे कुछ नांहि, कौन मरे कौन धरे अवतारा ॥४॥ परम नास्तिक जग कियो नाशा, गुडियां खेल ज्यों करत तमाशा। मेरा सब में प्रगट प्रकाशा, आंख मीचे जद घोर अन्धारा ॥ ५ ॥ देवनाथ गुरु अंखियां खोली, माननें वस्तु अमोलक जोली। अखिल ब्रह्मान्ड कांटे धर तोली, मेरा रूप है अगम अपारा ॥ ६ ॥

राग कानड़ा। ताल दीपचन्दी ॥

मेरा मजहब मजहबों से न्यारा। मेरे मजहब में मजहब सारा ॥ टेर ॥ सारे मजहबों में गोता खावे, हाय हाय करके थक जावे। दुख पावे रोवे चिल्लावे, मेरे मजहब में आनन्द अपारा ॥ १ ॥ अल्लाह अल्लाह कहे यवन चिल्लावे, मक्के जाय मदीने धावे। दोजख बहिश्त जिन्नत फिर आवे, तो भी दुख को न वार न पारा ॥ २ ॥ हिन्दू कर कर पत्थर पूजा, आपसे इतर देव कहे दूजा। अन्तर ओलख कभी नहीं सूझा, जाते फिरे जगमें फकमारा ॥ ३ ॥ केते पितर और प्रेत पुजावे, केते सूरज को छांटा लगावे। केते गंग पावन होने जावे, तदपि न मिटी है चौरासी की धारा ॥ ४ ॥ केते वेद ईश्वर कृत गावे, कई ईश्वर निराकार बतावे। रूप वरण बिन कई ध्यान ध्यावे, यों कर अलूझ गया जग सारा ॥ ५ ॥ सब कुछ कर जब मुझमें आवे, मुझ में आय कहीं नहीं जावे। सब मजहबों को आग लगावे, जल बल कर हो जाय सब छारा ॥ ६ ॥ नहीं मैं हिन्दु मुसलमां हूं नांहि। नहीं मैं जैन न बुध्य ईसाई। ये तो भरत प्रपंच के मांहि, मैं हूं इन सब का सरदारा ॥ ७ ॥ ये हैं अपवित्र मैं पवित्र सदाई, ये शुद्ध हों जब मुझ में

आई । सुरनर सब का गुरु हूं मैं भाई, मुझसे इतर कहां जावन हारा ।।८।। मान कहे मैं मानूं नांई, सब जग रही है मोय मनाई । हैं ये अभेद भेद न पाई , आंख छते फिर भी अन्धियारा ।। ६ ।।

राग कानड़ा । ताल दीपचन्दी ।।

सबमें महस्थ मेरो है भारी । अनन्त कुटम्ब उधांरो नहीं कोई पारी ।।टेर।। एक महस्थ होय छोड़ के जाऊ, अनन्त महस्थ को कहां छिटकाऊं । जहाँ जाऊ वहां रहय न लारी ।। १ ।।अनन्त पुत्र मेरे अनन्त ही भाई, बाप अनन्त मेरे अनन्त हो माई । और अनन्तो है मेरे नारी ।। २ ।। अनन्त कुटा और अनन्त ही भवना, अनन्त ही वन उपवन कियो गमना । अनन्त मन्दिर और मठ लिये धारी ।। ३ ।। मैं ही धनी और मैं ही राजा, मेरे दश् दिश बाजे बाजा । सब मे नीच कंगाल हूँ भारी ।। ४ ।। हस्ती चींटी एक समाना, स्वान और गाय एक कर जाना । ब्राह्मण चान्डाल को एक विचारी ।। ५ ।। चाहे चान्डाल को गोद बैठाऊं, चाहे विप्र को शीश उडाऊ । मार विप्र नहीं ब्रह्महत्यारी ।। ६ ।। जन्म आधार पर विप्र न मानूं, ब्रह्म कर्म से विप्र पिछानूं । कर्म प्रधान वरण लख चारी ।। ७ ।। मेरी गम लखे मुझसा होई, पाप ने पुन लगे नहीं कोई । सुपने न होवे दुख से दुखारी ।। ८ ।। मानसिंह ऐसे महस्थ संयोगी, आदू अजर अमर है योगी । क्या जाने यह जगत विचारी ।। ६ ।।

राग कानडा । ताल दीपचन्दी ।।

अट पट है सन्तो बात हमारी । तीन लोक से है यह न्यारी ।। टेर ।। मेरी बात लखे कोई सूरा ,लोक वेद से रहवे दूरा । सब कुछ भोग रहवे ब्रह्मचारी ।। १ ।। सब कुछ करत रहत सन्यासी, मुक्ति जिनके चरण की दासी । जीवत मरन की करी जिन तैयारी ।। २ ।। नारी पुरुष यह भेद न जाने, इनसे परे जब होय पहिचाने । गुरु मुख होकर रूप निहारी ।। ३ ।। बिन पग पंथ चढे सो ज्ञानी, केवल रूप की यह है निशानी । नहीं पहुंचे वहां वाणी चारी ।। ४ ।। मान आन अब कैसे माने, अपने रूप का हाल लखाने । क्या करही अब माया विचारी ।। ५ ।।

तर्ज एली की। ताल कैरवा ॥

किणने कहूं समझाय, बोली तो म्हारी अटपटी रे बाला ॥ टेर ॥
मैं हूं गूंगा बोल न जाणूं, बोलूं तो समझे नांय, बाला मैं हूं गूंगा०।
जगत बिचारी आंख बिना रे, इणने तो नहीं दरसाय। बोली तो म्हारी०
॥ १ ॥ जहां मैं पहुंचूं जग नहीं पहुंचे, पहुंचे बिन किम पाय, बाला जहां
मैं०। पावे नहीं तो कैसे बतावे, फिर फिर गोता खाय। बोली तो म्हारी०
॥ २ ॥ मेरो स्वर है जग से न्यारो, मेलो मिले न कोय, बाला मेरो स्वर०।
जिण सूं जगत मोहे बुरो बतावे, है जैसा हम होय। बोली तो म्हारी०
॥ ३ ॥ मेरी बोली वोही समझे, जाणे बोली बोल, बाला मेरी बोली०।
तीन लोक ने कांटे ऊपर, धर धर लीनो तोल। बोली तो म्हारी० ॥ ४ ॥
तीन लोक ने वो ही तोले, जल सूं ही शीतल होय, बाला तीन लोक०।
जल भी इणरी शोभा करे रे, पार न पावे कोय। बोली तो म्हारी० ॥ ५ ॥
निर्मल रहे शुद्ध निशिवासर, जरा कलेश न थाय, बाला निर्मल०। मल
विक्षेप आवरण सूं वे, हरदम दूर रहाय। बोली तो म्हारी० ॥ ६ ॥ मुझसा
होय जोय निज आतम, तभी खबर पड़ जाय, बाला मुझ सा०। मानसिंह
कहे अनुभव मेरा, नहीं आवे नहीं जाय। बोली तो म्हारी० ॥ ७ ॥

रेखता। ताल कवाली ॥

यहाँ तो रोकड़ी सौदा, इधर देना इधर लेना ॥ टेर ॥
सिखाया कृष्ण ने हमको, तुरंत ही हाथ से देना। उधारी किस लिए रखना,
इधर देना इधर लेना ॥ १ ॥ मरे के बाद जो लेवें, मिले या ना मिलेगा
तो। जमा हम हाथ से करके, इधर देना इधर लेना ॥ २ ॥ हैं कहते बाद
मरने के, अमर हैं हम मरे ना कब। आश क्यों आगली करना, इधर देना
इधर लेना ॥ ३ ॥ ठगों के देश में आकर, भरोसा क्यों करें हम भर।
जमा डूबे भरोसे में, इधर देना इधर लेना ॥ ४ ॥ दिया गुरु देवने हमको,
अमोलख वाक्य निज पद का। धरें हम शीश चरणों में, इधर देना इधर
लेना ॥ ५ ॥ वरण आश्रम बड़ा अभिमान, काटा शीश वो हमने। किया

गुरु देव के अर्पण, इधर देना इधर लेना ॥ ६ ॥ मिले जब नाथजी ऐसे, किया स्वीकार मेरा सिर। मफाया मान दम भर में, इधर देना इधर लेना ॥ ७ ॥

राग सोरठ, तर्ज वाणी की। ताल रूपक॥

अवधू देवो भूल मिटाय। अवधू देवो भूल मिटाय, जद निज आतम दरशण पाय, अपने आप बीच समाय। अवधू देवो० ॥ टेर ॥
जगत जोग मोय एक दीखे जी; ए तो दोय निजर न आय। किणने त्यागूं किणने पकडूं, मोरी ममझ में नांय। अवधू देवो० ॥ १ ॥ जद जग त्यागू कोई दूजो दीखे जी; ओ तो मैं ही खेल खेलाय। खेल मेरो दोष किणने, क्यों मैं भागू जाय। अवधू देवो० ॥ २ ॥ मैं ही जोगी मैं ही भोगीजी, मै हूं सब रस मांय। नरक स्वर्ग भी मैं ही कहिये, किण ने दुख सुख थाय। अवधू देवो० ॥ ३ ॥ हमी काम और रति हम हैं जी; अब किण सू डरें डराय। करें खुशी से भोगें खुशी से; हम पर दूजो नांय। अवधू देवो० ॥ ४ ॥ हम ही ज्ञानी हम अज्ञानी जी, अखिल जग मुझ मांय। चाहे जैसा खेल करतूं, चाहे रुदन हँसाय। अवधू देवो० ॥ ५ ॥ ऐसो योग कोई करे योगी जी; वो असली संत कहाय। एक करके दोय मेटे, देवे भरम उड़ाय। अवधू देवो० ॥ ६ ॥ नाथ जी रो साथ कीयो जी; म्हांने दीवी सुगति बताय। मानसिंह मन बीच समझयो, नहीं आवे नहीं जाय। अवधू देवो० ॥ ७ ॥

राग सोरठ, तर्ज वाणी की। ताल रूपक॥

अवधू बाहर रंग मत लाय। अवधू बाहर रंग मत लाय, जिण सूं काल डरसी नांय। अवधू बाहर रंग मत लाय ॥ टेर ॥
मांयलो मन रंगो जोगी जी, रंग्यौं उतरे नांय। आठ पहरी यूं ही रहसी, देख जम डर जाय। अवधू बाहर रंग० ॥ १ ॥ अन्दर दागा मेट अवधू जी, जनम मरण मिटाय। फेर जनमण फेर मरणो, नित रो कुण दुख पाय। अवधू बाहर रंग० ॥ २ ॥ बिरह धूणी करो अन्दर जी, जिणमे तृष्णा इन्धण जलाय। एसी तपस्या ताप अवधू, जोग सिद्ध हो जाय। अवधू बाहर

रंग० ॥ ३ ॥ शिखर घर में अमृत बरसे जी, बिन मुख होकर पाय। तीन चौकी त्याग के सू, चौथे वास बसाय। अवधू बाहर रंग० ॥ ४ ॥ ज्ञान भान जद ऊगसी जी, तिमिर तम उड़जाय। तिमिर उड़ उजियाला होया, सन्मुख रूप दिखाय। अवधू बाहर रंग० ॥ ५ ॥ कुण नित धोवे रंगे कुण नित जी, ओ तो कचो रंग लगाय। मान कहे रंग लगो पक्को, मगन रहूं मन मांय। अवधू बाहर रंग० ॥ ६ ॥

राग सोरठ। ताल दीपचन्दी ॥

फकीरा मन मगरूरी छोड़। मन मगरूरी मिटी न मनसूं, भेष धर रयो होड ॥ टेर ॥

हां, ऊपर भेष रंगाया भगवां, कर रयो होडा होड। कर्मां रा केश मुंडाया न मन सूं, क्यों थे मुंडायो है मोड ॥ १ ॥ हां, जैसे पूंठ दिवी थें जगने, मनने पाछो मोड़। समझ विचार सार लख अन्तर, दिलरी दुविधा ने छोड़ ॥ २ ॥ हां, ब्रह्म विचार धार उर अन्दर, मान्डो भरम रो फोड़। चेतन होय दोय ने खो दे, वस करले चित चोर ॥ ३ ॥ हां, देवनाथ गुरु साथ कियो जद, मिल गई साची ओट। मानसिंह घर बैठां फकीरी, पटकी कर्मां री पोट ॥ ४ ॥

तर्ज पणिहारी की। ताल कैरवा ॥

भक्ति रस कोई विरला पीवे; बिन जाएयां जग प्यासा रे ॥ टेर ॥
कोई मूरत में कोई तस्वीर में, ये सब करत तमासा रे। मेरो साहब सब घट दीखे, रहत सबी के पासा रे ॥ १ ॥ जैसे मृग के नाभ कस्तूरी, सूंघत बन मांय घासा रे। कोई चौथे असमान बतावे, सुन सुन आवे हांसा रे ॥ २ ॥ कोई भैरव हनुमान मनावे, कोई देवी के दासा रे। खोजत फिरे हाथ नहीं आवे, फिर फिर होत उदासा रे ॥ ३ ॥ सबमें ठाकुर सब ठाकुर में, ऐसो है आनन्द विलासा रे। मानसिंह वे खुशी है सदाई, भया ब्रह्म परकासा रे ॥ ४ ॥

तर्ज पणिहारी की। ताल कैरवा ॥

भक्तों सम मंगता नहीं कोई, कर निश्चय मन मांही रे ॥ टेर ॥
मांगत मांगत नीन्द आय गई, मांगे सुपने मांई रे। आंख खुली फिर मांगण लागे, देखो क्या मंगताई रे ॥ ॥ पग पग पर ये मांग रहे है, कैसी है नकटाई रे। देवणहार या सूँभी नकटो कुछ भी देवे नांई रे ॥ २ ॥ बेटा मांगे पोता मांगे, लक्ष्मी आश न जाई रे। देवण हार या रो केणो मान ले. तो घर री नार गुसाई रे ॥ ३ ॥ स्वर्ग मांग वैकुंठ मांगलियो, तो ही आश गई नांई रे। मांगत मांगत खुद ने मांग लियो, लक्ष्मी रोवे घर मांई रे ॥ ४ ॥ आ मंगतों री भक्ति संतो, म्हारे मन नहीं भाई रे। मांग्यो ऊमर भर मिल्यो कछु नाई, ज्यों आया ज्योंई जाई रे ॥ ५ ॥ देवनाथ गुरु से नहीं मांग्यो, भेंट दिवी मंगताई रे। अखिल विश्व को शाहनशाह मैं, ऐसी मौज उड़ाई रे ॥ ६ ॥ नाथ के साथ नाथ होय बैठा, अब न अनाथ रहाई रे। मानसिंह निज शुद्ध भक्ति लख, इनको धूड़ बगाई रे ॥ ७ ॥

तर्ज पणिहारी की। ताल कैरवा ॥

कर्मयोग करले सोई योगी, सो साचा सन्यासी रे ॥ टेर ॥
निश्चय धार करम करे सब कुछ, तोड़ी अविद्यारी फांसी रे। कर र्‌यो करम अकर्मी रहवे, नहीं भुगते चौरासी रे ॥ १ ॥ नीति छोड़ अनीति वरते, चाहे ज्यूं कर दिखलासी रे। कारण समझ काज कर लेवे, ज्यांरी न होवे हांसी रे ॥ २ ॥ भोगे नारी रहे ब्रह्मचारी, नहीं कुछ भोग विलासी रे। समय प्रमाण अशुभ शुभ जाणे, वह नहीं होय उदासी रे ॥ ३ ॥ सबमें मिल्यो सरब सूं न्यारो, निजानन्द को वासी रे। नाश रूप जग खेल समझले, आप सदा अविनाशी रे ॥ ४ ॥ घर में रहे मोह नहीं घर सू, ताही जाण बनवासी रे। जगहित करम करत है खुशी से, आप पूरण प्र-काशी रे ॥ ५ ॥ देवनाथ को साथ कियों सू कर्मयोगता आसी रे। मान-सिंह लख एक अनेको, स्वतः ही आप विलासी रे ॥ ६ ॥

तर्ज लावणी की । ताल कैरवा ॥

रस रसिक होय पीते हैं । यह कायर के क्या काम का ॥ टेर ॥
